तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि

रायपुर, गुरुवार 10 अक्टूबर 2024

13 गरबा की धूम, भजनों की धुन पर जमकर थिरके श्रद्धालु



14 बस्तर ने जीता ओव्हरऑल चैंपियनशिप का खिताब





नवरात्रि विशेष



### सप्तमी : कालरात्रि

माता दुर्गा की सातवीं शक्ति कालरात्रि नाम से विख्यात है। सातवें नवरात्रि की मां कालरात्रि के पूजन का विधान है। मां का यह स्वरूप अत्यंत भयानक है। इनके शरीर का रंग घने अंधकार की तरह काला है। सिर के बाल बिखरे हुए हैं। गले में बिजली की भांति चमकने वाली माला है। लेकिन मां का यह रुप सदैव शुभ फल देने वाला है। इसी कारण इनका एक नाम शुभंकरी भी है। मां कालरात्रि अपने भक्तों को दुष्टों से बचाने वाली है। कालरात्रि मां ग्रह बाधा को दूर भगाती है। मनुष्य को मन से कालरात्रि की अवश्य करना चाहिए। मां कालरात्रि उपर से उठे हुए दाहिने हाथ अभयमुद्रा में है। बांया तरफ के उपर वाले हाथ में लोहे का कांटा और नीचे वाले हाथ में खडग है। माता के इस रुप की पूजा करने वाले भक्त का मन सहस्रार चक्र में स्थित रहता है। मां की पूजा मात्र से भक्तों के सारे कष्ट दूर होने लगते हैं। उसके लिए ब्रह्मांड की संपूर्ण सिद्धियों के द्वार खुलने लगते हैं। इनकी पूजा- करने वाले को अग्नि भय,जल भय, शत्रु भय, रात्रि भय कभी नहीं होते। इन मां की कृपा से भक्त सर्वथा भय से दूर रहता है। मां कालरात्रि भक्तों को सदैव सुख देने वाली है। इनकी उपासना का श्लोक है-

एकवेणी जपाकर्णपूरा नग्ना खरास्थिता।
लम्बोष्ठी कर्णिकाकर्णी तैलाभ्यक्तशरीरिणी।।
वामपादोल्लसल्लोहलताकण्टकभूषणा।
वर्धनमूर्धध्वजा कृष्णा कालरात्रिर्भयंकरी ।।

# रेलवे स्टेशन में माता के दर्शन के लिए दंतेवाड़ा जाने लगी श्रद्धालुओं की भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

शारदीय नवरात्र में दंतेवाड़ा स्थित शक्तिपीठ मां दन्तेश्वरी के दर्शन करने नवरात्र के प्रथम दिवस से रेलवे स्टेशन में श्रद्धालुओं की भीड़ जुट रही है। बता दे यहां से दो यात्री ट्रेन किरन्दुल के लिए चलती है। जिसमें पहली गाड़ी सुबह 5 बजे विशाखापटनम से किरन्दुल जाने वाली नाइट एक्सप्रेस व दूसरी शाम साढ़े 4 बजे विशाखापटनम से किरन्दुल जाने वाली पैसेंजर ट्रेन में इतनी ज्यादा भीड़ हो रही है कि यात्रियों को पैर रखने के लिए जगह नहीं मिलती। सबसे ज्यादा परेशानी विशाखापटनम से बचेली व किरन्दुल जाने वाले यात्रियों को होती है। स्टेशन में सुबह व शाम श्रद्धालुओं की भीड़ देख यह अंदाज लगाया जा सकता कि टिकट काउंटर कक्ष में लंबी लाइन लगी रहती है। कई यात्री ऐसे होते है कि बिना टिकट लिए ट्रेन में सवार हो जाते है। कारण यहां ट्रेन का स्टॉपेज नाइट एक्सप्रेस व पैसेंजर 10 मिनट ही खड़ी होती है। जिसके चलते ज्यादा भीड़ होने से चाह कर भी लोग टिकट नहीं ले पाते। शहर के अनूप मेहरा, राकेश रथ, शिवनारायण मोहन्ती, केदार ठाकुर, योगेश शुक्ला, योगेश ठाकुर, अभय दीक्षित, संतोष बाजपेयी, राकेश साहू, प्रवीण द्विवेदी, दंतेश्वर राव, प्रकाश रावल, सतीश साहू, धीरज मेहरा, संजय सामंत, मनोज पटेल, रविन्द्र दास, मनोज जंगम, विजय पचौरी, मनोज ठाकुर ने विशाखापटनम रेल मंडल का ध्यानाकर्षण कराते कहा कि विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरा के दौरान माता दंतेश्वरी माई के दर्शन के लिए लाखों श्रद्धालु पूरे 9 दिनों तक दंतेवाड़ा आते-जाते है। इस दौरान एक स्पेशल ट्रेन का परिचालन जगदलपुर अथवा कोरापुट से दंतेवाड़ा के बीच करने की आवश्यकता है। माता दंतेश्वरी के दर्शन के लिए न केवल जगदलपुर अपितु रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, धमतरी, कांकेर, कोंडागावं, लोहंडीगुड़ा, बकावंड, बस्तर, भानपुरी समेत अन्य शहरों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु जगदलपुर पहुंचते है।

**खास बातें**

- सुबह 5 बजे छूटने वाली नाइट एक्सप्रेस व शाम को छूटने वाली पैसेंजर में पैर रखने की जगह नहीं
- कम संख्या में यात्री बसों के संचालन से श्रद्धालुओं को नहीं मिलती सुविधा



### दंतेवाड़ा तक चलना चाहिए स्पेशल ट्रेन

अंचल के वरिष्ठ नागरिक व रेल मामलों के जानकार संतोष जैन, किशोर पारेख, सम्पत्त झा, हेमंत कश्यप, विनोद सिंह ने बताया कि शारदीय व चैत्र नवरात्र पर्व के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु माता दंतेश्वरी के दर्शन के लिए दंतेवाड़ा जाते है। दोनों पर्व में रेल प्रशासन को विशाखापटनम अथवा कोरापुट से दंतेवाड़ा तक स्पेशल ट्रेन सामान्य दर पर सेवा शुरू करने की आवश्यकता है। ताकि श्रद्धालुओं को दन्तेवाड़ा आने-जाने में सुविधा मिल सके।

## अपील: नक्सलियों के पास हिंसा छोड़कर समर्पण करने के अलावा कोई विकल्प नहीं : आईजी

# माड़ मुठभेड़ में मारे गए 29 नक्सलियों पर था 2.15 करोड़ से अधिक का इनाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



माड़ स्थित नेंदूर-थुलथुली के जंगल में पूर्वी बस्तर व अबुझमाड़ डिवीजन कमेटी के नक्सलियों के साथ हुए मुठभेड़ में मारे गए 31 में 29 नक्सलियों की शिनाख्त हो चुकी है। इनमें 25 लाख के डीकेएसजेडसी समेत 2 लाख के ईनामी एरिया पार्टी सदस्य शामिल है जिन पर 2 करोड़ 15 लाख का ईनाम घोषित था। आईजी सुंदरराज पी ने कहा कि नक्सलियों के पास हिंसा छोड़कर समर्पण करने के अलावा कोई विकल्प नहीं है, इसलिए उन्हें समर्पण कर मुख्यधारा में शामिल हो जाना चाहिए।

- मुठभेड़ में 25 लाख के डीकेएसजेडसी समेत 2 लाख के इनामी एरिया पार्टी सदस्य शामिल

आईजी ने बताया कि मुठभेड में 1-1 डीकेएसजेडसी व सीवायपीसी कमांडर के अलावा तीन डीवीसीएम, 14 पीएलजीए कंपनी नंबर 6 के सदस्य, 2 डीकेएसजेडसी गार्ड, 6 एरिया कमेटी सदस्य तथा 2 एरिया कमेटी पार्टी सदस्य कैडर की पहचान कार्यवाही पूरी की जा चुकी है शेष मारे गए दो नक्सलियों के शिनाख्त का प्रयास किया जा रहा है। आईजी ने नक्सलियों को चेतावनी देते हुए कहा कि प्रतिबंधित एवं गैर कानूनी सीपीआई माओवादी संगठन के पास अब हिंसा छोड़कर आत्मसमर्पण करने के अलावा कोई और विकल्प नहीं बचा है। माओवादी संगठन से जुड़े लोगों से पुनः अपील हैं कि तत्काल हिंसात्मक गतिविधियों को छोड़कर समाज की मुख्यधारा में जुड़े अन्यथा परिणाम भुगतने को तैयार रहें।

### मुठभेड़ में मारे गए 29 नक्सली में यह शामिल

डीआईजी दंतेवाड़ा, कमलोचन कश्यप, एसपी दंतेवाड़ा गौरव राय व एसपी नारायणपुर प्रभात कुमार ने मारे गए नक्सलियों की जानकारी देते हुए बताया कि मुठभेड़ में मारे गए 31 में 29 माओवादियों की शिनाख्त हो चुकी है। इनमें 25 लाख की ईनामी एसजेडसीएम पूर्वी बस्तर डिविजन इंचार्ज सचिव नीति उर्फ उर्मिला के अलावा 10 लाख के ईनामी नंदू मण्डावी, 8 लाख के ईनामी सुरेश सलाम उर्फ जानकू, मीना नेताम, महेश, अर्जुन उर्फ रंजीत, सुन्दर उर्फ कमलू, बुधराम मड़काम, मोहन मण्डावी, बसंती पति साकेत, जगनी कोर्राम,अनिल, दशमति पोयाम, मासे उर्फ शकीला, साबन उर्फ लोकेश, सोमरू मंडावी, मड़कम मंगू, मनोज उर्फ संपोर मंडावी, सोमे पति टुगे उर्फ मानसिंग, जनीला उर्फ बुधरी, मंगलदई कश्यप, रामदेर, सुक्कु यादव, सुकलू उर्फ विजय उर्फ पण्डरू कोर्राम, सोनू कोर्राम, जमली, सोहन उर्फ रोहन पदम, फुलो उर्फ सुंदरी व फूलमती पदामी शामिल है।

### 2 लाख का इनामी पीएलजीए प्लाटून 9 का सदस्य शंकर गिरफ्तार

बीजापुर। नक्सल विरोधी अभियान पर सुरक्षाबलों को एक और सफलता मिली है। हत्या, फायरिंग व विस्फोट की घटनाओं में शामिल दो लाख रुपये का ईनामी पीएलजीए प्लाटून नम्बर 9 का सदस्य आज गिरफ्तार किया गया हैं। उस पर बासागुड़ा थाना में सात स्थाई वारंट लंबित हैं।



पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक नक्सल विरोधी अभियान के तहत बासागुड़ा थाना व कोबरा 210 की संयुक्त पार्टी पुसबाका व गगनपल्ली के बीच जंगल से जगरगुंडा एरिया कमेटी के अंतर्गत प्लाटून नम्बर 9 के नक्सली सदस्य मड़कम शंकर उर्फ शंकरैया पिता हिरमा उर्फ हिड़मा उम्र 35 निवासी गगनपल्ली को पकड़ा गया। पकड़े गए नक्सली पर छग शासन द्वारा 2 लाख रुपये का ईनाम घोषित हैं। पकड़े गए नक्सली के विरुद्ध बासागुड़ा थाना में 7 स्थाई वारंट लंबित है। बासागुड़ा थाना में वैधानिक कार्यवाही के बाद उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया गया हैं।

**इन घटनाओं में रहा शामिल :** 9 नवम्बर 2012 को सारकेगुड़ा में पुलिस पार्टी पर फायरिंग करने, 13 जनवरी 2016 को तर्रेम के छात्र बासागुड़ा छात्रावास में रहकर अध्यनरत थे, जो मोटर सायकल से बासागुड़ा जा रहे थे। नक्सलियों के द्वारा प्रेशर आईईडी की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गये।

## उद्यान में अवैध कटाई की रोकथाम, दो आरोपी पकड़ाए



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तर जिले के कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान में अवैध कटाई के लिए सर्चिंग के दौरान हाल ही में दो आरोपियों को पकड़ा और वन अधिनियमों पर कार्रवाई की। बताया जा रहा है कि उद्यान के निदेशक के निर्देशन में सहायक वन संरक्षक कमल तिवारी एवं रेंजर वी. जैकब के मार्गदर्शन में अवैध कटाई रोकने के प्रयास लगातार जारी हैं।

- कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान में अवैध कटाई रोकने का कर रहे प्रयास

इसी क्रम में सोमवार की सुबह 5.30 बजे गश्ती के दौरान कमानार बीट आरएफ 89 क्षेत्र में कांगेर घाटी के मैदानी कर्मचारी की टीम ने सागौन चोरी करते हुए दो आरोपियों को पकड़ा। इसमें परवेन्द्र राय वनपाल बीट गार्ड परिसर कामानार और डिप्टी रेंजर पीतवास भारती की तत्परता से चेतन उम्र 32 वर्ष और चैतु उम्र 32 वर्ष को 0.076 घन मीटर सागौन चोरी करते हुए पकड़ा गया। दोनों अपराधियों को मौके पर ही गिरफ्तार कर कांगेर घाटी के मैदानी कर्मचारी की टीम ने आवश्यक कानूनी कार्रवाई की।

### बीट गार्ड, डिप्टी रेंजर की सराहना

उद्यान के निदेशक चूड़ामणि सिंह ने इस सफल कार्रवाई के लिए बीट गार्ड और डिप्टी रेंजर की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस तरह की मुस्तैदी से कार्य करने वाले मैदानी कर्मचारी भविष्य में भी अवैध कटाई और अन्य गैरकानूनी गतिविधियों को रोकने के लिए तत्पर रहेंगे।

**खबर संक्षेप**

### दो दुकान के संचालकों पर 8-8 का जुर्माना

दंतेवाड़ा। खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग से मिली जानकारी अनुसार चार विभिन्न प्रकरणों के संबंध में न्यायालय अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी एवं न्याय निर्णायक अधिकारी के निर्णय अनुसार अभियोगी खाद्य प्रतिष्ठानों पर जुर्माना गई है। अभियोजन पक्ष की ओर से खाद्य सुरक्षा अधिकारी खाद्य एवं औषधि प्रशासन दंतेवाड़ा सुस्मित देवांगन द्वारा प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। इसके अनुसार हुकमाराम कुमावत पिता स्वरूपा राम कुमावत मां चम्पा कन्हैया बीकानेर मेन रोड बचेली से खाद्य पदार्थ कलाकंद लूज का जांच हेतु सैंपल लिया गया। उक्त नमूना खाद्य पदार्थ को विश्लेषक राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला कार्यालय रायपुर को जांच हेतु भेजा गया था, जो अमानक पाया गया।अतः इस संबंध में आरोपी पप्पू सिंह पिता देवी सिंह मां चम्पा कन्हैया बीकानेर मेन रोड बचेली, आरोपी क्रमांक 2 हुकमाराम कुमावत पिता स्वरूपाराम कुमावत मां चम्पा कन्हैया बीकानेर, मेन रोड बचेली जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 का उल्लंघन करने, व धारा 50, 51 के तहत दंडनीय होने से कारण बताओ नोटिस एवं सुनवाई हेतु सूचना पत्र पंजीकृत डाक के माध्यम से भेजा गया।

## बस्तर धाकड़ क्षत्रिय राजपूत समाज के युवा थिरके गरबा में

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर।

बस्तर धाकड़ क्षत्रिय राजपूत समाज के युवाओं ने दो दिवसीय गरबा डांडिया नृत्य का आयोजन कुम्हारपारा अब्दुल कलाम वार्ड में किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ धाकड़ क्षत्रिय राजपूत समाज के संरक्षक सुकमा जमींदार कुमार जयदेव के द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर समाज के उप संरक्षक जगत सिंह ठाकुर, सिकंदर सिंह ठाकुर, संम्भाग के वर्तमान अध्यक्ष योगेश ठाकुर उपस्थित हुए। समाज के संरक्षक कुमार जयदेव ने समाज को एक मंच में लाने के लिए युवाओं को इस आयोजन के लिये बधाई दी। साथ ही आने वाले समय में ऐसे अनेक सामाजिक धार्मिक व राष्ट्रहित कार्यक्रम आयोजन करने की बात कही। उप संरक्षक ने ऐसे आयोजन के लिए युवाओं को प्रोत्साहन कर समाज को आगे बढ़ाने हमेशा सहयोग करने की बात कही। समाज की महिलाएं किसी अन्य कार्यक्रम में ने जाकर समाज के ऐसे आयोजनों में भाग लेकर समाज को एक मजबूत दिशा देने की बात कही। सिकंदर सिंह ने ऐसे धार्मिक सामाजिक कार्यक्रम को हमेशा करने के लिए युवाओं एवं समाज के महिलाओं को जोड़ने का एक सेतु का काम करता है एवं समाज को हमेशा आगे ले जाने की बात कही। योगेश सिंह ने युवाओं की इस पहल की सराहना करते कहा कि समाज को आगे बढ़ाने के लिए हर पल कदम से कमद मिलकर साथ चलने की बात कही।

- समाज के संरक्षक ने युवाओं का बढ़ाया मनोबल



### ये रहे उपस्थित

इस दौरान दुलार सिंह, कृष्णा परमार, केदार ठाकुर, गजेन्द्र ठाकुर, भोला ठाकुर, लोकेन्द्र ठाकुर, सावित्री परमार, मंजु ठाकुर, अरुणा चौहान, किरण ठाकुर, हेमा चौहान, श्रद्धा ठाकुर, विक्रम ठाकुर, रुद्र ठाकुर, विकास ठाकुर, अमित चंदेल समेत सैंकड़ों युवा, बच्चे, मातृ शक्ति उपस्थित थी।

## वल्चर बॉयोलॉजिस्ट की देखरेख में चेरला जंगल पहुंचाया गया गिद्ध

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

छत्तीसगढ़ और तेलंगाना सीमा के इंद्रावती टायगर रिजर्व बीजापुर से सटे सर्वाधिक नक्सल प्रभावित क्षेत्र भटककर तेलंगाना के भद्रादि कोत्तागुड़ेम इलाके के जंगलों के बीच बसे गांव में पहुंचा था। उस गिद्ध को वल्चर बॉयोलाजिस्ट सूरज कुमार ने प्राकृतिक पर्यावास के बीच सुरक्षित पहुंचा दिया है। एक बार फिर गिद्ध राजा जंगल में उन्मुक्त जीवन जीने के लिए छोड़ दिए गए हैं। चेरला मंडल के जंगलों में इसे छोड़ा गया है। अंदाजा यह लगाया गया है कि लगभग 600 किलोमीटर का लंबा सफर तय करने के बाद गिद्ध रास्ता भटक गया या फिर भूख की वजह से गांव में पहुंच गया होगा। भूखा समझ कर ही गांव के लोगों ने उसे खाने के लिए बकरे का मांस दिया था। पैरों में कैमरा और जीपीएस ट्रैकर होने के कारण गांव वाले असमंजस में पड़ गए थे।

- पैरों में जीपीएस ट्रैकर लगा देख गांव के लोग हो गए थे हतप्रभ



### लगातार काम कर रहे सूरज

गिद्धों के संरक्षण और उनकी पहचान से जुड़ी बातों को लेकर सूरज कुमार काफी काम कर चुके हैं। बीते कुछ सालों में जगदलपुर के रहने वाले सूरज ने इस क्षेत्र में काफी अच्छी वर्किंग की है और उनके पास गिद्धों से जुड़ी काफी अहम जानकारियां हैं। बस्तर से गिद्धों का नाता और यहां उनके लिए उपयुक्त माहौल को लेकर वे लगातार काम कर रहे हैं।

## शपथ ग्रहण समारोह में खिलाएंगे जलेबीः कश्यप

# वनमंत्री ने हरियाणा में कांग्रेस के जलेबी ऑर्डर को लेकर कसा तंज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा

हरियाणा के विधानसभा चुनाव में भाजपा शानदार जीत के साथ सत्ता की हैट्रिक लगाई है। रिजल्ट आने से पहले कांग्रेस ने जीत की उम्मीद के साथ जलेबी का ऑर्डर दिया था। इसे लेकर वन मंत्री केदार कश्यप ने तंज कसते हुए विपक्ष की कांग्रेस पार्टी को शपथ ग्रहण समारोह में आमंत्रित किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पिछले 15 वर्षों से लगातार मिठाइयों का ऑर्डर दे रही है, लेकिन उठा नहीं पा रही है। उनका काम नहीं चल पा रहा है, उनके नेता नहीं चल पा रहे हैं। इस बार भी उन्होंने जलेबी का आर्डर दिया था, लेकिन जनहीं चल पाई। वहीं उन्होंने जम्मू कश्मीर में आए परिणाम को लेकर कहा कि हमारा जो परफॉर्मेंस था, उससे वहां वोट प्रतिशत बढ़ा है।

- कांग्रेस के लिए नेता खोजना हुआ मुश्किल

मंत्री केदार कश्यप ने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि हम आमंत्रित करते हैं कांग्रेस को। मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण में आए उस दिन उनको जलेबी खिलाएंगे। कांग्रेस के लोग बड़ी-बड़ी बातें कर रहे थे, उनके राष्ट्रीय प्रवक्ता कह रहे थे कि अपना नाम बदल लेंगे, अब पता नहीं कौन सा नाम रखेंगे।

### हमारे बच्चों को गुड टच और बेड टच की दी जाती है जानकारी

वहीं सेक्स एजुकेशन को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि सेक्स एजुकेशन को वेस्टर्न कॉन्सेप्ट मानना गलत है। इससे युवाओं में अनैतिकता नहीं बढ़ती। इसलिए भारत में इसकी शिक्षा बेहद जरूरी है। छत्तीसगढ़ में सेक्स एजुकेशन को लेकर मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि छत्तीसगढ़ में हमारे बच्चों को गुड टच और बेड टच की जानकारी दी जाती है। इसे बेहतर और वृहद रूप में कैसे अच्छा करें, इस पर कार्य किया जाएगा। वहीं छत्तीसगढ़ में महतारी सदन के निर्माण के लिए स्वीकृति मिली है।



### पूर्व मंत्री अमरजीत भगत पर ली चुटकी

छत्तीसगढ़ में 2023 के विधानसभा चुनाव से पहले अमरजीत भगत ने भी हार पर मूंछ मुंडवाने का दावा किया था। इसे लेकर मंत्री केदार कश्यप ने चुटकी लेते हुए कहा कि मूंछ कटवाने की बात हुई थी, बाद में पता चला कि मूंछ छंटवाया है। जिनकी मूंछ को जनता ने ही काट दिया है, वो तो अब मूंछ दिखाने के लायक भी नहीं रहे। मंत्री कश्यप ने रायपुर दक्षिण विधानसभा में कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार चुने जाने को लेकर विपक्ष के नेताओं पर निशाना साधते हुए कहा कि उनके के लिए देश में नेता खोजना मुश्किल हो चुका है।

## अवैध रेत भण्डारण 70 हाईवा रेत जब्त

दंतेवाड़ा। ग्राम पंचायत बालूद में आज संजन दीवान द्वारा खनिज सहायक रेत क्रय कर अवैध भण्डारण करने के कारण लगभग 980.00 घनमीटर लगभग 70 हाईवा रेत को जब्त किया गया है। छग खनिज (खनन/परिवहन/भण्डारण) नियम 2009 के अनुसार उक्त अवैध भण्डारण का प्रकरण दर्ज कर अर्थदण्ड राशि 2,47,700 रुपए जमा करवाया गया। खनिज के विक्रय, परिवहन अनुमति हेतु 26 सितंबर को जो अभिवहन पास प्रदान किया गया था। वर्तमान में पुनः शिकायत प्राप्त होने के उपरांत जारी किये सारे अभिवहन पास 8 अक्टूबर को जांच हेतु जब्त किया गया।



## पाठक सूचना

हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

**जगदलपुर**
मो. 7000061711, 8817958580, 9131893124

**नारायणपुर**
मो. 9407740955, 9131893124

**कोण्डागांव**
मो. 7000312486, 9131893124

**सुकमा**
मो. 9425260296, 9131893124

**दंतेवाड़ा**
मो. 9425592636, 9131893124

**बीजापुर**
मो. 9131893124

## खबर संक्षेप

### प्राकृतिक आपदा पीड़ित वारिसों को 16 लाख की आर्थिक सहायता जारी

**कोण्डागांव।** कलेक्टर कुणाल दुदावत द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6–4 के अंतर्गत प्राकृतिक आपदा पीड़ितों के 04 प्रकरणों में वारिसों को 16 लाख रुपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि प्रदान की गयी। कलेक्टर द्वारा माकड़ी तहसील के ग्राम रांधना निवासी लछन्तीन की सर्पदंश से मृत्यु होने पर पति श्यामलाल, पुत्री हेमलता, पुत्र रविन्द्र और लक्ष्मीनाथ को, मर्दापाल तहसील के ग्राम बड़ेकुरूषनार निवासी सुकालीबाई नाग की सर्पदंश से मृत्यु होने पर पुत्र बाबूलाल नाग, पोता चौतनराम नाग को राशि जारी की गई। कोण्डागांव तहसील के ग्राम डीएनके कॉलानी कोण्डागांव निवासी लालसाय नेताम की पानी में डूबने से मृत्यु पर माता लाखों नेताम को एवं माकड़ी तहसील के ग्राम बेड़ागांव निवासी लखपति यादव की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर पत्नी विमला यादव को आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गयी है। उक्त स्वीकृत आर्थिक सहायता राशि सम्बन्धित वारिसों के बैंक खाते में हस्तांतरित करने के निर्देश सम्बन्धित तहसीलदारों को दिए गए हैं।

### नवरात्रि, दशहरा पर्व को लेकर थाने में शांति समिति की बैठक



**फरसगाँव।** नवरात्रि एवं दशहरा पर्व को लेकर थाना परिसर में बुधवार को पुलिस अनुविभागीय अधिकारी अनिल कुमार विश्वकर्मा और तहसीलदार जयकुमार नाग ने थाना क्षेत्र के दुर्गा और दशहरा समितियों की शांति समिति की बैठक ली। अनुविभागीय पुलिस अधिकारी अनिलकुमार विश्वकर्मा ने उपस्थित समितियों के लोगों से नवरात्रि एवं दशहरे को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। प्रमुख रूप से स्थापित होने वाले प्रतिमाओं को और पंडालों में लेकर विसर्जन में समय डीजे के प्रतिबंध के बारे में बताया गया। डीजे न बजाने को कहा गया। शाम तक मूर्ति विसर्जन करने को कहा गया।

### निर्माणाधीन मक्का प्रसंस्करण प्लांट का कलेक्टर ने किया निरीक्षण



**कोण्डागांव।** कलेक्टर कुणाल दुदावत ने ग्राम कोकोड़ी में निर्माणाधीन मां दंतेश्वरी मक्का प्रसंस्करण प्लांट का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्लांट के सभी इकाइयों में निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया। संबंधित निर्माण एजेंसी को कार्य में तेजी लाते हुए 15 अक्टूबर तक सभी लंबित कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही सीपीयू प्लांट को भी शीघ्र तैयार करने और बॉयलर इंस्पेक्टर से प्लांट का परीक्षण कराने के लिए प्लांट के प्रभारी प्रबंध संचालक को निर्देशित किया।

# हिर्री व भुमका में रावण का दहन नहीं, बल्कि मिट्टी का बनाकर करते हैं वध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगाँव

- दशहरा पर्व मनाने की अनोखी परंपरा
- आज से तीन दिवसीय रामलीला का होगा मंचन

जिले के फरसगांव विकासखंड के ग्राम हिर्री और भुमका में अनोखे तरीके से दशहरा पर्व को मनाया जाता है । दोनों गाँवो में रावण के पुतले का दहन नहीं करते बल्कि मिट्टी से बने रावण का तोड़कर उसका वध करते है । यह परंपरा वर्षों से चली आ रही है जिसका निर्वहन आज भी ग्रामीणों के द्वारा किया जा रहा है। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्रामीणों और समिति द्वारा दशहरा उत्सव के कार्यक्रम की तैयारी में जुट गए है। ग्रामवासियों द्वारा दशहरा के दो दिन पूर्व गुरुवार की सांध्यकालीन कार्यक्रम का शुभारम्भ किया जाएगा। 10 अक्टूबर की शाम को ग्रामदेवी मां शीतला सहित सभी देवी- देवताओं की पूजा अर्चना की जाएगी। तीन दिवसीय कार्यक्रम में प्रथम रात को राम जन्म दिखाया जाएगा , दूसरी रात बाली सुग्रीव लड़ाई , तीसरा दिन रावण वध किया जाएगा । यहां पर रावण को जलाया नहीं जाता है। बल्कि मिट्टी से बने रावण का वध किया जाता है। ग्रामीणों का मानना है कि इससे पर्यावरण दूषित भी नहीं होता । अंतिम दिन संध्याकालीन कार्यक्रम सीता अग्नि परीक्षा विभीषण राजतिलक का कार्यक्रम दिखाया जाएगा । इस कार्यक्रम को देखने के लिए बहुत दूर दूर से लोग आते हैं। रावण को बनाने एवं सजाने का काम रामचंद्र राना करते हैं।

#### इनकी रहेगी उपस्थिति

कार्यक्रम में मुख्य रूप से ग्राम हिर्री सरपँच सरपंच जुगरीबाई , ग्राम भुमका सरपँच रामभरोस कुंवर, संरक्षक भारद्वाज वैद्य , कोषाध्यक्ष सुकमन मरकाम , सचिव अजय यादव , परेश्वर , भुवन , करण सिंह , हेमंत साहू, जागेश्वर सुरेश, फुल सिंह बैध, पटेल लीलाधर साहू, शिवलाल नायक , ग्राम के गायता पुजारी एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहेंगे ।



## कार्रवाई: अनंतपुर पुलिस को मिली बड़ी सफलता

# मक्का की आड़ में गांजे की खेती, 43 पौधे जब्त कर एक आरोपी को लिया हिरासत में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- आरोपी से 1.565 किलोग्राम गांजा भी किया गया बरामद



थाना अनंतपुर पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए मक्का की फसल की आड़ में गांजा की खेती कर रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी बुधराम सागर के कब्जे से 1.565 किलोग्राम गांजा, जिसकी बाजार में अनुमानित कीमत 15,000 रुपये है, जप्त किया। साथ ही आरोपी की मक्का बाड़ी से कुल 43 गांजा पौधे भी जब्त किए गए हैं।

पुलिस अधीक्षक श्री वाय अक्षय कुमार भा.पु.से. के निर्देशन में और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेन्द्र देव पटेल रा.पु.से. के मार्गदर्शन में इस कार्रवाई को अंजाम दिया गया। अनुविभागीय अधिकारी रूपेश कुमार रा.पु.से. के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी अखिलेश धीवर और उनकी टीम ने यह बड़ी कार्रवाई की। 8 अक्टूबर को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम बड़े घोड़सोड़ा के निवासी बुधराम सागर ने अपनी मक्का की बाड़ी में अवैध रूप से गांजे की खेती की है। इस सूचना पर थाना अनंतपुर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बुधराम सागर की मक्का बाड़ी की तलाशी ली, जिसमें 43 गांजा पौधे पाए गए। आरोपी बुधराम सागर ने इन पौधों को मक्का के बीच छिपाकर लगाया था, ताकि किसी को शक न हो। पुलिस ने मौके पर ही सभी गांजा पौधे और 1.565 किलोग्राम गांजा को जब्त कर लिया।

#### नारकोटिक्स एक्ट में की गई कार्रवाई

आरोपी बुधराम सागर, पिता सुकुराम सागर, उम्र 44 वर्ष, जाति घसिया, निवासी बड़े घोड़सोड़ा, थाना अनंतपुर, जिला कोण्डागांव को पुलिस ने गांजा की अवैध खेती के आरोप में गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ नारकोटिक्स एक्ट की धारा 20 (क) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत करने की कार्रवाई की जा रही है।

#### इनका रहा विशेष योगदान

इस पूरी कार्रवाई में थाना प्रभारी उप निरीक्षक अखिलेश धीवर, सउनि. अभिराम मेश्राम, डोमन लाल दीवान, प्रधान आरक्षक 229 भूपेन्द्र मरकाम, प्रधान आरक्षक 85 रघुनाथ कश्यप, भावेश मंडावी, छबीराम कोर्राम, आरक्षक क्रमांक 472 घनश्याम भुआर्य, 955 मनराज वट्टी, डीएसएफ आरक्षक 2044 चन्द्रहास मरकाम का विशेष योगदान रहा।

# बायपास का निर्माण समय सीमा पर गुणवत्तापूर्ण करें : कलेक्टर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- कलेक्टर ने कोंडागांव शहर में निर्माणाधीन सड़क को देखा

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने आज कोंडागांव शहर के लिए निर्माणाधीन बाइपास मार्ग का निरीक्षण कर कार्य में तेजी लाने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

इस दौरान उन्होंने सड़क निर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी ली और लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों एवं संबंधित ठेकेदारों को सड़क निर्माण का कार्य गुणवत्तापूर्ण और निर्धारित समय–सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने रिटेनिंग वाल निर्माण के कार्य को शुरू करने और बायपास मार्ग में बनने वाले पुल–पुलिया निर्माण के कार्य को दिसंबर माह तक पूर्ण करने के निर्देश दिए।

कोंडागांव शहर में यातायात के दबाव को कम करने के लिए नेशनल हाईवे 30 में नारंगी नदी के पास से नया बस स्टैण्ड तक लगभग 8.9 किलोमीटर बाईपास सड़क का निर्माण किया जा रहा है। इस बायपास मार्ग के बन जाने से स्थानीय निवासियों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी और समय की भी बचत होगी।

# बस्तर ओलंपिक के लिए पंजीयन कार्य में तेजी लाने के कलेक्टर ने दिए निर्देश





हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- नवंबर माह में शुरू होगा बस्तर ओलंपिक
- युवाओं के लिए खेल प्रतिभा को प्रदर्शित करने का होगा अच्छा अवसर

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में साप्ताहिक समय–सीमा की बैठक ली और लंबित निर्माण कार्यों के प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने बैठक में कहा कि राज्य शासन द्वारा बस्तर क्षेत्र में विकास की गति को बढ़ाने लगातार कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में बस्तर संभाग के खेल प्रतिभा को संवारने और निखारने के उद्देश्य से नवंबर माह में बस्तर ओलंपिक का आयोजन शुरू हो रहा है, जिसके लिए पंजीयन की प्रक्रिया जारी है। कलेक्टर ने कहा कि जिले के युवाओं के लिए बस्तर ओलंपिक में भाग लेने और खेल प्रतिभा को प्रदर्शित करने का बहुत अच्छा अवसर है। उन्होंने इसके लिए इच्छुक विद्यार्थियों एवं युवाओं का शत–प्रतिशत पंजीयन कराने सभी जनपद सीईओ एवं महाविद्यालयों–विद्यालयों के प्राचार्यों को निर्देशित किया।

कलेक्टर श्री दुदावत ने बैठक में भारत सरकार की नशामुक्ति अभियान के तहत जनजागरुकता अभियान में तेजी लाने के निर्देश समाज कल्याण विभाग को दिए। उन्होंने कहा कि इस अभियान में एनसीसी और एनएसएस के वालेंटियर के माध्यम से विद्यालयों व महाविद्यालयों में जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन कर नशे के दुष्प्रभाव एवं रोकथाम के उपायों की जानकारी दें। उन्होंने सायबर धोखाधड़ी के बढ़ते मामलों पर भी आम नागरिकों को जागरूक करने के लिए कैंपेन चलाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बैठक में राज्य शासन द्वारा राज्योत्सव के लिए जारी दिशा–निर्देशों की जानकारी देते हुए कहा कि जिला मुख्यालय में 5 नवंबर को जिला स्तरीय आयोजन होगा। इस दौरान उन्होंने जिला स्तरीय अधिकारियों को आयोजन की तैयारियों के लिए सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन पूरी जिम्मेदारी के साथ करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत के सीईओ अविनाश भोई, एडीएम चित्रकांत चाली ठाकुर सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

#### शत–प्रतिशत डोर टू डोर कचरा संग्रहण कराएं सीएमओ

कलेक्टर ने सभी एसडीएम को जाति प्रमाण पत्र बनाने के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने जिले के नगरीय निकायों में शत–प्रतिशत डोर टू डोर कचरा संग्रहण के लिए सभी सीएमओ को निर्देशित किया। इसके अलावा उन्होंने आयुष्मान कार्ड पंजीयन, राशन कार्ड की ईकेवायसी कार्य में तेजी लाने और आंगनबाड़ी में रिक्त पदों पर भर्ती प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।

# सोशल मीडिया में व्यक्तिगत जानकारियों को साझा न करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| केशकाल।

- केशकाल कालेज में साइबर जागरुकता पखवाड़ा कार्यक्रम




शासकीय स्वर्गीय महेश बघेल स्नातकोत्तर कालेज में 9 अक्टूबर को पुलिस एवं प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में सायबर जन जागरुकता पखवाड़ा अभियान एवं यातायात जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व केशकाल अंकित चौहान अनुविभागीय पुलिस अधिकारी केशकाल भूपत सिंह धनेश्री और महाविद्यालय के प्राचार्य सोनवानी व समस्त महाविद्यालयीन प्राध्यापक,समस्त छात्र - छात्राएं साथ ही व्यवहार न्यायलय में पदस्थ विधिक सेवा प्राधिकरण अधिकारी श्रीमती मनीषा तिवारी उपस्थित रहे । साइबर सेल नोडल डीएसपी सतीश भार्गव के नेतृत्व में आये उपनिरी अमिताभ खांडेकर ने बताया कि कैसे सोशल मीडिया का उपयोग करके ऑनलाइन ठगी हो रहा है। इसका कारण सिर्फ अपनी व्यक्तिगत जानकारी बिना जांच के किसी अन्य व्यक्ति को साझा करना है। उन्होंने बताया की अपना व्यक्तिगत जानकारी जैसे आधार कार्ड , एटीएम नंबर, पैन कार्ड, ओटीपी इत्यादि जैसे जानकारी किसी भी व्यक्ति को बिना जानकारी के नहीं भेजना है। इससे ऑनलाइन ठगी का संभावना अत्यधिक हो जाता है। इस प्रकार से एसडीओपी केशकाल श्भूपत सिंह ने भी साइबर से संबंधित विभिन्न सारी जानकारियां दिया। इस अवसर पर केशकाल पुलिस द्वारा साइबर क्राइम से संबंधित विस्तृत जानकारी दिया गया। नुक्कड़ नाटक और सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से सभी को प्रेरित करने का प्रयास किया गया। थाना प्रभारी विकास बघेल के द्वारा साइबर अपराध के साथ साथ महिला संबधित अपराध नशा मुक्ति, अभिव्यक्ति एप्प व यातायात के सम्बद्ध में विस्तृत जानकारी से अवगत कराया गया।

#### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में पुलिस विभाग से साइबर सेल नोडल सतीश कुमार भार्गव, एसडीओपी भूपत सिंह , थाना प्रभारी निरीक्षक विकास बघेल,सब इंस्पेक्टर अभिताभ खंडेकर, सहायक उप निरीक्षक सगरबती सोरी, आरक्षक मनोज पोयाम, बीजू यादव, थाना स्टॉप महिला प्र आर माधुरी रावटे महिला आर शशिकला देवांगन आर दिनेश मरकाम, कालेज के प्राचार्य सोनवानी एवं साथी प्राध्यापक उपस्थित रहे।

### स्वच्छ भारत मिशन के तहत कोण्डागांव में आंकाक्षी शौचालय का किया गया भूमि पूजन

**कोण्डागांव।** शहर के विकास नगर स्थित चिकन मार्केट में आज स्वच्छ भारत मिशन के तहत आंकाक्षी शौचालय के निर्माण के लिए भूमिपूजन किया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका उपाध्यक्ष जकसेतु उसेण्डी, पार्षद अंकुश जैन, मुख्य नगरपालिका अधिकारी दिनेश डे एवं नगर पालिका के अन्य अधिकारी–कर्मचारी मौजूद रहे। स्वच्छ भारत मिशन का उद्देश्य ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में स्वच्छता को बढ़ावा देना और खुले में शौच से मुक्ति दिलाना है। इस मिशन के अंतर्गत यह शौचालय स्थानीय नगरवासियों के साथ बाहर से आये हुए ग्राहकों के लिए एक महत्वपूर्ण सुविधा प्रदान करेगा। जिससे न केवल स्वच्छता में सुधार होगा, बल्कि स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं में भी कमी आएगी।



# आवास मित्रों को जॉब चार्ट, हितग्राही उन्मुखीकरण आवास निर्माण कार्यप्रणाली की जानकारी दी गई

- प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत प्रशिक्षण सह कार्यशाला का हुआ आयोजन

**कोण्डागांव।** कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देश पर प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन हुआ। कार्यशाला कलेक्ट्रेट के सभा कक्ष में जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई की अध्यक्षता में आयोजित किया गया।

प्रशिक्षण का उद्देश्य आवास मित्रों और समर्पित मानव संसाधनों को योजना की विभिन्न बिंदुओं से अवगत कराना था। कार्यशाला में भाग लेने वाले सभी आवास मित्रों को उनके जॉब चार्ट, प्रोत्साहन राशि, हितग्राही उन्मुखीकरण, आवास निर्माण कार्य प्रणाली, तकनीकी निर्देश, निर्माण में आवश्यक सामग्री की जानकारी और आवास के नक्शा एवं रूपरेखा के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री भोई ने आवास मित्रें को ग्राम पंचायत स्तर पर पंच, सरपंच, गायंता पुजारी, और ग्राम पंचायत सचिव के साथ समन्वय बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। उन्हें नवीन स्वीकृत आवासों का निर्माण एक वर्ष के भीतर और पूर्व में स्वीकृत आवासों को एक महीने के भीतर पूरा करने के लिए निर्देशित किया गया। इस कार्यशाला में जिला समन्वयक, आवास समन्वयक, सहायक परियोजना अधिकारी मनरेगा और अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम न केवल आवास मित्रें को कार्य के प्रति सक्षम बनाने के लिए था। बल्कि यह सुनिश्चित करने के लिए भी था कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लाभार्थियों को समय पर और गुणवत्तापूर्ण आवास उपलब्ध कराया जा सके।



# पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 18 वीं किस्त जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- प्रधानमंत्री मोदी द्वारा सीधे किसानों के खातों में अंतरण कार्यक्रम सम्पन्न
- कलेक्टोरेट में देखा गया कार्यक्रम का सीधा प्रसारण




प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के 18 वीं किस्त की राशि का अंतरण के अवसर पर कलेक्टर कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन में आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कार्यक्रम का आयोजन हुआ । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा वासिम महाराष्ट्र से किसानों को डीबीटी के माध्यम से पीएम किसान सम्मान निधि की 18वीं किस्त की राशि 9.4 करोड़ लाभार्थी किसानों के खाते में करीब 20 हजार करोड़ का स्थानान्तरण किया गया।

कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने कृषि एवं पशुपालन क्षेत्र से जुड़ी कई परियोजना का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण अतिथियों की उपस्थिति में कलेक्टर कार्यालय में देखा गया। गौरतलब है कि पीएम किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत हर साल किसानों को 3 किश्त जारी की जाती हैं। जिसमें पहली किश्त अप्रैल से जुलाई, द्वितीय किस्त अगस्त से नवम्बर एवं तृतीय किस्त दिसम्बर से मार्च माह के मध्य जारी की जाती हैं। हर एक किस्त में करीब 2000 रु. किसानों के खाते में हस्तांतरित किये जाते हैं।

कार्यक्रम का आयोजन कृषि विभाग व कृषि विज्ञान केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। जिसमें कृषि विभाग के उपसंचालक डीपी टांडे, कृषि विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डा. ओम प्रकाश कृषि विभाग से कर्मचारी डीके कश्यप, मीना नेताम, संतुराम सोरी एवं संतोष कुमार ठाकुर, मनोज कुमार नेताम, खोमेश्वर साहू, योगेश्वर कुमार देवांगन तथा जिले के किसान सम्मिलित हुए। संचालन डॉ. हितेश मिश्रा द्वारा किया गया।

#### विभागीय योजनाओं की दी गई जानकारी

किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए कृषक-वैज्ञानिक परिचर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंत में कृषि एवं मत्स्य विभाग द्वारा विभागीय योजनाओ की जानकारी किसानों को दी गई। साथ ही मत्स्यपालन की उन्नत तकनीक पर प्रशिक्षण दिया गया। किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए कृषक वैज्ञानिक परिचर्चा का आयोजन किया गया।



## खबर संक्षेप

### प्रमोद बने राज्य कबड्डी संघ के उपाध्यक्ष

**जगदलपुर।** गत दिवस बलोदा बाजार में छत्तीसगढ़ कबड्डी संघ की नई कार्यकारिणी का चुनाव, अगले चार वर्ष कार्यकाल के लिए सम्पन्न हुआ। जिसमें बस्तर जिला के प्रमोद कुमार चौधरी उपाध्यक्ष पद के लिए निर्वाचित हुए। प्रमोद कुमार चौधरी राज्य संघ कबड्डी में रजिस्टेड रेफरी वर्तमान में कार्य है। साथ जिला कबड्डी के सचिव के पद में वर्तमान में कार्य कर रहे हैं। उनके उपाध्यक्ष निर्वाचित होने से जिले के कबड्डी संघ अध्यक्ष नबी मोहम्मद उपाध्यक्ष, नरसिंह रथ, हनीफ, अशोक राव नायडू, मन्नू लाल साहू, रत्नेश बेंजामिन, बुटा सिंह, केआर चौहान, सतपाल शर्मा एवं कबड्डी खेल प्रेमियों ने बधाई दी है।

### छात्राओं को दी गई वन्यजीव संरक्षण की जानकारी




**जगदलपुर।** शासकीय दंतेश्वरी पीजी महिला महाविद्यालय में बायोडायवर्सिटी कंजर्वेशन सोसाइटी एवं यूथ रेड क्रॉस इकाई के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय वन्यजीव सप्ताह मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय में नेचर वॉक कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसका उद्देश्य छात्राओं को वन्यजीव संरक्षण एवं उनके महत्व के बारे में जानकारी देना था। संचालन वाईआरसी नोडल अधिकारी डॉ. गुलाब चंद साहू ने किया। इस दौरान प्राचार्य डॉ. अनामिका झा, प्राध्यापक डॉ. योगेंद्र मोतीवाला, डॉ. प्रिंसी दुग्गा, जयश्री मंडल, डॉ. त्रुप्ति खनंग, कर्मचारी सुनील मिश्रा, सुकरू कश्यप और छात्राएं शामिल थे।

### डाक एवं पार्सल दिवस पर पत्र लेखन प्रतियोगिता

**जगदलपुर।** विश्व डाक दिवस एवं राष्ट्रीय डाक सप्ताह 2024 के अंतर्गत डाक एवं पार्सल दिवस के अवसर पर 7 अक्टूबर को पत्र लेखन प्रतियोगिता का आयोजन डाक विभाग द्वारा किया जा रहा है। प्रतियोगिता में किसी भी आयु वर्ग के व्यक्ति भाग ले सकते है। पत्र लेखन प्रतियोगिता का विषय डाकघर का भविष्य 2050 है। पत्र लेखन हिन्दी भाषा में 250 से 500 शब्दों में हो, पत्र लेखन के ऊपरी भाग में डाकघर का भविष्य 2050 विषय लिखा होना चाहिए, पत्र लेखन संबंधी पत्र 8 अक्टूबर को शाम 5 बजे तक साधारण डाक स्पीड पोस्ट या पंजीकृत पत्र के माध्यम से वरिष्ठ डाकपाल रायपुर जीपीओ 492001 के पतें पर भेजें। 8 अक्टूबर के बाद प्राप्त पत्र स्वीकार नही होंगे। प्रतिभागी पत्र लेखन के अंत में अपना नाम पदनाम आयु मोबाईल नंबर सहित पूर्ण पता अवश्य लिखें। शीर्ष 3 विजेताओं को आकर्षक पुरूस्कार से सम्मानित किया जावेगा। उक्त जानकारी अधीक्षक डाकघर बस्तर संभाग ने दी है।

### शहर के 3 खिलाड़ी मलेशिया में एथलेटिक्स में दिखाऐंगे अपनी प्रतिभा



**जगदलपुर।** मास्टर एथलेटिक्स एसोसिऐशन के तत्वावधान में मो. नबी के मार्गदर्शन में शहर के 3 खिलाड़ी मलेशिया में अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए रवाना हो गये हैं। इन खिलाड़ियों में सरिता तिवारी (64), उषा श्रीवास्तव (65) एवं रेखा सेन (70) हैं। ये खिलाड़ी एथलेटिक्स में 12 से 14 अक्टूबर तक मलेशिया में अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे और बस्तर का नाम रौशन करेंगे।

### देवउठनी एकादशी पर्व के लिए स्थानीय अवकाश

**जगदलपुर।** कलेक्टर हरिस एस. द्वारा सामान्य पुस्तक परिपत्र भाग-दो के तहत 1 नवम्बर 2024 को गोवर्धन पूजा हेतु पूर्व में घोषित स्थानीय अवकाश के स्थान पर 12 नवम्बर को देवउठनी एकादशी पर्व के लिए स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है। उक्त तिथि पर कोषालय एवं उप कोषालय यथावत खुले रहेंगे।

---

एकलव्य विद्यालयों की खेल महोत्सव अन्तर्गत दो दिवसीय संभाग स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का समापन

# बस्तर ने जीता ओव्हरऑल चैंपियनशिप का खिताब

हरिभूमि न्यूज : जगदलपुर

- लक्ष्य निर्धारित कर मेहनत एवं लगन से आगे बढ़ें : महेश
- स्पर्धा में हिस्सा लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन करना सबसे बड़ी उपलब्धि : किरण



हार-जीत स्पर्धा का अभिन्न हिस्सा है, लेकिन जो असफल होकर अपने दक्षता में सुधार कर भविष्य में श्रेष्ठतम प्रदर्शन के द्वारा परचम लहराता है वह ज्यादा महत्वपूर्ण है। इसलिए किसी भी खिलाड़ी को असफलता से निराश नहीं होना चाहिए और भविष्य में बेहतर प्रदर्शन का लक्ष्य निर्धारित करना जरूरी है। यह बात सांसद बस्तर महेश कश्यप ने धरमपुरा स्थित क्रीड़ा परिसर में आयोजित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों की संभाग स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता समापन समारोह को मुख्य आतिथ्य की आसंदी से सम्बोधित करते हुए कही। उन्होंने सभी प्रतिभागी छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि यह उम्र दिशा तय करने का है, इसलिए अपना लक्ष्य निर्धारित कर मेहनत एवं लगन से आगे बढ़ें। इस संभाग स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता में बस्तर जिले की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर ओव्हरऑल चैंपियनशिप का खिताब हासिल किया।

इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विधायक जगदलपुर किरणदेव ने कहा कि किसी भी प्रतियोगिता में जीत-हार से भी बड़ी उपलब्धि स्पर्धा में शामिल होकर उत्कृष्ट प्रदर्शन करना है और इसमें भाग लेने वाले सभी खिलाड़ी बधाई के हकदार हैं। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बस्तर अब तेजी से बदल रहा है और आगे बढ़ रहा है। यहां की प्रतिभाएं अब खेलकूद सहित हर क्षेत्र में अपनी श्रेष्ठता साबित कर रहे हैं। भविष्य में और ज्यादा मेहनत कर बेहतर प्रदर्शन से अपनी दक्षता सिद्ध करें। इस अवसर पर विजयी खिलाड़ियों तथा टीमों को मैडल, ट्रॉफी तथा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। वहीं अन्य प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया गया। साथ ही टीमों के प्रभारी शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं खेल प्रशिक्षकों को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। इस दौरान महापौर सफीरा साहू तथा अन्य जनप्रतिनिधि और जिला प्रशासन के अधिकारी और शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राओं के अलावा खेलप्रेमी गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

---

## गरबा के नाम पर हिंदुओं के आस्था पर ठेस, सक्षम के कर्मकर्ता एफआईआर कराने पहुंचे कोतवाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- तय मानकों से कही अधिक डेसिबल साउंड का किया गया दुरुपयोग



विभिन्न हिन्दू समाज के लोग गरबा का आयोजन पूरे रीति-रिवाज व संस्कृति के आधार पर मना रहे है। वही दूसरी ओर वन्या लॉन आयोजक तिशा गुरप इवेंट, लागु वाटिका, गुप्ता लॉन व चौपाटी में माता दुर्गा को प्रसन्न करने वाले गरबा नृत्य का अपमान किया गया है। जिसका साक्ष्य के रूप में वीडियो पुलिस को सौंप गया। पूर्व में भी फूहड़ता फैलाने के नाम पर वन्या लॉन की शिकायत सक्षम ने की थी जिस पर कोई कार्यवाही नहीं हुई। हिन्दुओं की आस्था को ठेस पहुंचाया जा रहा है। वीडियो में साफ दिखाई व सुनाई दे रहा है, जिसमें सुप्रीम कोर्ट के आदेश की अवहेलना की है। उसका साउंड डेसिबल तय मानक से बहुत अधिक है। वही लॉन के दूसरी ओर दलपत सागर तालाब है जो कि पूर्ण रूप से ग्रीन लैंड एरिया के अंतर्गत आता है। किस आधार पर वन्या लॉन संचालक व समिति को डीजे बजाने की अनुमती प्रदान की गई। तय मानक से अधिक डेसिबल मे आयोजन समितियों पर हिन्दुओं की धार्मिक आस्था को ठेस पहुंचाने भारतीय न्याय संहिता की धारा 298 के तहत एफआईआर दर्ज की जाए।

## भाजपा सदस्यता अभियान में 10,000 के आंकड़ों को किया पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- सदस्यता अभियान को लेकर दुगुनी ऊर्जा के साथ करेंगे काम : केदार



भारतीय जनता पार्टी द्वारा संगठन महापर्व के अंतर्गत कार्यकर्ताओं ने देश भर में पूरे उत्साह के साथ सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। इसी तारतम्य में बस्तर क्षेत्र के भाजपा नेता व केबिनेट मंत्री केदार कश्यप ने 10,000 के आंकड़ों को पार कर लिया है। देर रात नरेंद्र मोदी ऐप पर उनके ऑनलाइन सदस्यता के आंकड़ों ने 10,003 की संख्या को पार कर लिया है। जिसके बाद से ही वन मंत्री के समर्थकों ने उन्हें सोशल मीडिया पर बधाई और शुभकामनाएं देना शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि सदस्यता महापर्व रूपी यह अभियान संगठन का सबसे महत्वपूर्ण अभियान है। जिसमें तय सीमा में सदस्यता लक्ष्य को पूरा करना आवश्यक है। प्रत्येक कार्यकर्ता संवाद स्थापित कर अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुंचे और भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान में अधिक से अधिक संख्या में लोगों को सदस्यता दिलवाएं। हजार के आंकड़ों को पार करने के बाद वन मंत्री ने कहा कि वे चरैवेति-चरैवेति के सिद्धांत को अपनाते हुए सदस्यता अभियान में दुगुनी ऊर्जा के साथ काम करेंगे।

## पदोन्नति में आरक्षण और अन्य मांगों का प्रबंधन कर रहे नजर अंदाज


हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- आरक्षित वर्ग संघ ने अधीक्षण अभियंता को सौंपा ज्ञापन



कंपनी प्रबंधन के तानाशाही रवैय्या के विरोध में आरक्षित वर्ग संघ के प्रांतीय आह्वान पर संघ द्वारा अधीक्षण अभियंता एनके पोयाम को ज्ञापन सौंपा। इसमं आरक्षित वर्ग के अध्यक्ष विष्णु मरकाम, सचिव योगेंद्र कश्यप, कोषाध्यक्ष डीएस कतलम, प्रांतीय प्रचार सचिव थानसिंह उइके, सदस्य सुलभा चौधरी, नंदकुमार मांझी, नेमीन ठाकुर, बीरबल ध्रुव, राजेंद्र नेताम, रुपेश नाग, आश्रिता पोया, मालती मौर्य, एमएस नाग, सुमित्रा कश्यप एवं अन्य सदस्य शामिल रहे।

प्रांतीय प्रचार सचिव श्री उइके ने बताया कि विद्युत कंपनी में पदोन्नति में आरक्षण एवं अन्य मांगों को प्रबंधन द्वारा नजरअंदाज किए जाने से नाराज आरक्षित वर्ग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने प्रदर्शन कर विरोध जताया। कर्मचारियों ने प्रबंधन द्वारा मांगें पूरी नहीं किए जाने और चर्चा के लिए संगठन को महत्व नहीं दिए जाने पर उग्र आन्दोलन की चेतावनी दी है। पावर कंपनी में पदोन्नति में आरक्षण को लेकर एक बार फिर विवाद शुरू हो गया है। एक संगठन द्वारा जहां पदोन्नति में पूर्व में दिए गए आरक्षण को गलत बताते हुए पदावनत करने की मांग की जा रही है। वहीं आरक्षित वर्ग द्वारा पदोन्नति में आरक्षण लागू की मांग जोर-शोर से उठाई जा रही है। इसके अलावा संघ ने कहा कि 24 सितंबर 2024 को प्रकाशित नई वरिष्ठता सूची सही है तो पूर्व में (2004) में जारी वरिष्ठता सूची पूर्णतः गलत और अवैध होगी।



### विधायक ने शक्तिपीठों का दर्शन कर बस्तर समेत छत्तीसगढ़ की सुख समृद्धि की कामना की

**जगदलपुर।** सुकमा प्रवास के दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने रामाराम मंदिर पहुंच माता चिटमिट्टीन की पूजा अर्चना कर बस्तर एवं छत्तीसगढ़ की सुख समृद्धि की कामना की। उनका सर्किट हाउस सुकमा में भाजपा जिला अध्यक्ष व पदाधिकारियों ने आत्मीय स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने ग्राम छिंदगढ़ में माता दूरपुता, माता मुसरिया व दुर्गा सिद्ध शक्तिपीठ दरभा में भी मां दुर्गा की पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की।

## शीतला मंदीर में दीप प्रज्ज्वलित कर परिसर में किया गया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



नवरात्र पर कंगोली स्थित शीतला माता मंदिर में कलश स्थापना के साथ दीप प्रज्ज्वलित कर आरती की गयी। तत्पश्चात 108 पौधें का लक्ष्य लेकर पौधरोपण मंदीर परिसर में प्रारंभ किया गया। जिसके उपरांत प्रतिदिन ग्राम के रिक्त स्थानों में पौधे लगाकर लक्ष्य पूर्ण किया जायेगा। लक्ष्य पूरा होते ही अगला लक्ष्य 1008 पौधे का होगा। जिसका उद्देश्य धार्मिक के साथ पर्यावरण की सुरक्षा है। ग्रामवासियों का कहना है कि जब से प्रदूषण रिपोर्ट में बस्तर का नाम देखा है, और बस्तर का दिन प्रतिदिन तापमान बढ़ रहा है, जो आने वाले दिनों में और भी भयावह हो सकती है, जिससे निपटने अधिक से अधिक पौधे लगाने की आवश्यकता है। मन्दिर में प्रतिदिन आरती, सत्संग, मंत्र जाप, नवरात्र अंतिम दिन भंडारा व विभिन्न सांस्कृतिक आयोजन करना तय हुआ है। इस दौरान डिप्टी रेंजर ललन तिवारी, वन कर्मी मंगलू, हेम दास नाग, लोकमान्य तिलक वार्ड के पार्षद दयाराम कश्यप, पुजारी रामदास, पटेल बलिराम, मारसाय, खगेश्वर, पुष्पा नेताम, तारा यादव, माया यादव, मंजु सिंह, पूजा सिंह, बिक्कु सिंह राय, हरेंद्र सिंह राय, दिलीप नेताम, रोहन कुमार, संजय मौर्य, संतोष मौर्य, विमल निषाद, देवेश यादव समेत ग्रामीण मौजूद थे।

## निर्माणाधीन कार्यों को गुणवत्ता के साथ तय समय में पूरा करें



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

हाऊसिंग बोर्ड की ओर से शासकीय आवास एवं विक्रय के लिए आवासों का निर्माण कार्य किया जा रहा है। सुस्त निर्माणाधीन कार्यों से बोर्ड के अपर आयुक्त ने नाराजगी व्यक्त की और संबंधित ठेकेदारों को निर्देश दिया कि वे निर्माण कार्य तय समय एवं गुणवत्ता से पूरा करें, अन्यथा नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। इसमें हाल ही में अपर आयुक्त ने उप आयुक्त, कार्यपालन अभियंता सीके ठाकुर, ईई केके कश्यप, ठेकेदार के साथ शासकीय आवास माकड़ी, मारापारा आवास के निर्माणाधीन कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि 7.75 करोड़ रूपए की लागत से मारापारा में आवास का निर्माण कार्य धीमा हो जा रहा है। बताया जा रहा है कि अपर आयुक्त के बस्तर, कोंडागांव, दंतेवाड़ा एवं बीजापुर जिले में हो रहे निर्माणाधीन कार्यों के निरीक्षण से ठेकेदारों में हड़कंप मच गया है।

**गुणवत्ता का रखें ख्याल**

हाऊसिंग बोर्ड जगदलपुर प्रक्षेत्र के अपर आयुक्त एसके भगत ने बताया कि संबंधित ठेकेदारों को निर्देश दिया कि बोर्ड के निर्माणाधीन कार्यों को तय समय और गुणवत्ता के साथ पूरा करें, अन्यथा नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## पदयात्रियों के पैरों की मालिश और छालों का एबीवीपी कार्यकर्ता ने किया उपचार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- माई दंतेश्वरी के दर्शन करने बड़ी संख्या में पहुंच रहे श्रद्धालु
- परिषद के कार्यकर्ता श्रद्धालुओं को निरंतर पानी पिला रहे




अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रदेश सह मंत्री शैलेश धुरव ने बताया कि नवरात्रि पर बस्तर में आराध्य देवी मां दंतेश्वरी धाम दंतेवाड़ा में श्रद्धालु पैदल, दंडवत यात्रा करते मंदिर दर्शन के लिए पहुंच रहे है। ऐसे में लंबी दूरी तय करते हुए पैरो में सूजन और छाले पड़ जाते है, जिसके कारण श्रद्धालुओं को पैदल चलने में परेशानी हो रही है। इसे ध्यान में रखते एबीवीपी सेवार्थ विद्यार्थी गतिविधि, विकासार्थ विद्यार्थी के तत्वावधान में भक्तों के पैरो की मालिश तथा प्राथमिक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। माई दंतेश्वरी के दर्शन में लाखों की संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे है। भक्तों के इस भीड़ में नियंत्रक के रूप में कार्य करते हुए परिषद के कार्यकर्ता निरंतर पानी पिलाने का कार्य कर रहे हैं। बीजापुर, बस्तर, दंतेवाड़ा से आकर विद्यार्थी कार्यकर्ताओं ने सेवाएं प्रदान कर रहे है। एसएफएस प्रान्त सह संयोजक ईश्वर आचार्य ने कहा कि सेवा श्रम और साधना विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं के संस्कार में है। राष्ट्र सेवा, समाज के प्रति जागरूक सजगता तथा नशा मुक्त समाज हो ऐसा आव्हान किया जा रहा है। इस दौरान बीजापुर जिला संयोजक रोहित गुमास, प्रांत कार्यकारिणी सदस्य विकास कोड़े, नगर मंत्री अश्विन पिल्ले, एग्रीविजन प्रमुख गौरव भवानी, प्रशांत लाटिया, नुशांत जोशी, अवनीश मिश्रा, करण शर्मा, साहिल राव, मनीष बैंस, निखिल नायर, ऋतिक जोगी, डेमन साहू, शेखर समेत अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## महाराजा और सांसद ने दशहरा को भव्य बनाने की रायशुमारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तर दशहरा को भव्य बनाने राजमहल परिसर में सांसद व दशहरा समिति के अध्यक्ष महेश कश्यप व महाराजा कमलचंद्र भंजदेव ने सर्व समाज के प्रमुखों व मांझी चालकी की बैठक ली। उन्होंने दशहरा को लेकर राय ली साथ ही दशहरा को भव्य बनाने व इसकी लोकप्रियता को बढ़ाने के लिए किस प्रकार से कार्य किया जाये इस विषय पर चर्चा की गई। सांसद ने कहा कि बस्तर दशहरा देश ही नही विदेश में भी अपनी अनोखी छाप छोड़ता आ रहा है। बड़ी संख्या में लोग दशहरा देखने बस्तर पहुंचते है। दशहरा के अनेकों रस्मों में सहभागिता निभाने बस्तर संभाग के अनेक क्षेत्रों से आदिवासी पहुंचते है। साथ ही इस पूजा विधान में शामिल होने देवी-देवता भी पहुंचते है। इनके ठहरने की व्यवस्था को दुरुस्त करना हमारी पहली प्राथमिकता है। इस दौरान बस्तर चेम्बर कामर्स, बस्तर परिवहन संघ सहित सर्व समाज के प्रमुख, मांझी, चालकी ग्रामीण व शहरवासी मौजूद थे।

स्वयंसेवक ने विधायक बनकर जल विधानसभा में बस्तर की समस्या को प्रमुखता से उठाया

## जल विधानसभा में जैबेल और बीजाकसा गांव की जल समस्या को रखा गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



एन.एस.एस. के कार्यक्रम समन्वयक डॉ.डी. एल. पटेल, जिला संगठन मौसमी विश्वास एवं कार्यक्रम अधिकारी चंद्रप्रकाश यादव के मार्गदर्शन में जल जगार महोत्सव शासकीय काकतीय स्नात. महाविद्यालय जगदलपुर के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक विपीन कुमार ने विधायक बनकर जल विधानसभा में बस्तर का नेतृत्व किया। उन्होंने बस्तर जिला में हो रहे पानी की समस्या को जल विधानसभा में रखा। उन्होंने जल विधानसभा में प्रश्न पूछे जिसमें बस्तर जिले में स्थित गांव जैबेल में पीने के पानी की समस्या इतनी अधिक है कि गांव में साफ देखी जा सकती है। वहां के निवासी मजबूर हैं कि उन्हें पीने के लिए खारा और आयरन युक्त पानी का उपयोग करना पड़ रहा है। जिससे उनमें कई सारी बीमारियों के लक्षण साफ देखे जा सकते हैं तो इस समस्या का समाधान कैसे किया जा सकता है। पर्यटन स्थल बीजाकासा जो अपनी एक समस्या से जूझ रही है बीजाकासा में गर्मियों में पानी की इतनी अधिक समस्या होती है कि लोगों को पीने के पानी की कमी के कारण कई कि.मी. दूर पैदल जाना पड़ता है। जिसके कारण यहां के लोगों का जीवन दुश्वार हो गया है। यहां के लोगों के पीने के पानी की समस्या को कैसे दूर किया जा सकता है। भारत सरकार द्वारा जल जीवन मिशन ,हर घर जल योजना और कई सारे जल योजना की शुरुआत हुई। इस योजना के तहत हर घर पीने योग्य पानी का प्राप्त होना है। लेकिन बस्तर के कई नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में आदिवासी निवास करते हैं, वहां के आदिवासियों को पीने योग्य पानी नहीं मिलता।

**तालाब, झरने का पानी पीकर बीमार हो रहे लोग**

आदिवासी कुंआ, तालाब और झरने का पानी पीते हैं, जिसके कारण वहां के बच्चे, माताएं और बुजुर्ग बीमार रहते हैं। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में निवास करने वाले आदिवासी को पीने योग्य जल प्रदान करने के लिए क्या करना चाहिए। इन सभी प्रश्नों को धमतरी में हो रहे जल जगार महोत्सव के जल विधानसभा के द्वारा इसके समाधान के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के समक्ष प्रस्ताव रखा गया।

